Need to construct a new railway line between Jhunjhunu and Ratangarh in Rajasthan- Laid

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** मेरे संसदीय क्षेत्र झुंझुनूं के मंडावा, फतेहपुर एवं रतनगढ़ क्षेत्र राजस्थान के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक केंद्र हैं ।यहां की हवेलियां सहित अनेक जगह बहुत ही महत्वपूर्व और प्रसिद्ध है ।ये क्षेत्र पर्यटन और व्यापार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन यहां रेलवे नेटवर्क संपर्क की कमी के कारण नागरिकों, व्यापारियों एवं पर्यटकों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । मेरे संसदीय क्षेत्र झुंझुनूं के झुंझुनूं से मंडावा, फतेहपुर होते हुए रतनगढ़ तक एक नई रेलवे लाइन बिछाई जाती है, तो इससे न केवल स्थानीय नागरिकों को लाभ मिलेगा, बल्कि इस क्षेत्र का आर्थिक एवं सामाजिक विकास भी तेजी से होगा । इससे पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा । साथ ही झुंझुनूं का सीधा जुड़ाव बीकानेर से भी होगा । मेरा सरकार से आग्रह है कि झुंझुनूं से मंडावा, फतेहपुर, रतनगढ़ तक रेलवे लाइन बिछाने की योजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए जिससे उपरोक्त स्थानों पर स्थानीय लोगों के रोजगार के साथ साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा साथ ही सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा ।